# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2022-23

**विषय - हिन्दी**

समय : 3 घंटे | कक्षा - 12 वीं | पूर्णांक- 80

**निर्देश** (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। (2) प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए 1x32=32 अंक निर्धारित है। (3) प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है। (4) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है। (5) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

---

**प्र.1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

(1) हरिवंश राय बच्चन की प्रमुख रचना है।
(अ) मधुशाला (ब) कामायनी (स) लोकायतन (द) प्रिय-प्रवास

(2) शरारती बच्चे के समान खेल रही थी-
(अ) हंसी (ब) बात (स) भाषा (द) चूड़ी

(3) लुट्टनसिंह की प्रेरणा थी-
(अ) ढोलक (ब) बांसुरी (स) मंजीरा (द) वीणा

(4) जूझ उपन्यास की भाषा मूलतः है।
(अ) हिन्दी (ब) अंग्रेजी (स) मराठी (द) हिंदुस्तानी

(5) टी.वी. पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्वपूर्ण है।
(अ) विजुअल (ब) नेट (स) बाइट (द) उपरोक्त सभी

(6) निम्न में से किसका संबंध पत्र लेखन से नहीं है-
(अ) संबोधन (ब) विषय (स) प्रस्तावना (द) भवदीय

**प्र.2. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का प्रयोग कर कीजिए-**

(1) बच्चे ............... होंगे (निराशा / प्रत्याशा)

(2) रस को स्थायी भाव ........... है (उत्साह/शोक)

(3) यशोधर बाबू दफ्तर से निकलकर पहले ........... जाते हैं।
(साई मंदिर/ बिरला मंदिर)

(4) ज्ञानाश्रयी शाखा के कवि हैं ............ (कबीरदास / तुलसीदास)

(5) अर्थ के आधार पर वाक्य को ............ भागों में विभाजित किया गया है।
(तीन / आठ)

(6) शब्द के पूर्व लगने वाले शब्दांश .............. कहलाते है। (प्रत्यय / उपसर्ग)

(7) वीर रस प्रधान कविताओं में ............ गुण होता है। (प्रसाद / भोज)

CamScanner

प्र.3. सही जोड़ी बनाइये-

| | |
|---|---|
| (1) सरलार्थ | 16-16 मात्राएँ |
| (2) राख से लीपा हुआ चौका | अभिधा |
| (3) सिल्वर वैडिंग | यशोधर-पंत |
| (4) चौपाई | भोर का नभ |
| (5) हजारी प्रसाद द्विवेदी | लक्ष्मी |
| (6) भक्तिन | शिरीष के फूल |

प्र.4. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-

(1) ऊषा का जादू कब टूटता है?
(2) लुट्टन सिंह ने किसे हराया था?
(3) का वर्षा जब कृषी सुखाने। समय चुके पुनि का पछिताने का क्या अर्थ है?
(4) किशोरों की टोली को क्या नाम दिया गया है?
(5) कविता की परिभाषा दीजिए।
(6) क्रिया-विशेषण की परिभाषा लिखिए।
(7) संचार किसे कहते हैं?

प्र.5. सत्य / असत्य लिखिए-

(1) पर्चेजिंग पावर का अर्थ क्रयशक्ति से है।
(2) शीतल वाणी में आग में विरोधाभास है।
(3) निरक्षरों के लिए मुद्रित माध्यम बहुत उपयोगी होते हैं।
(4) अट्टालिकाएं वास्तव में आतंक के भवन है।
(5) गणों की संख्या 10 है।
(6) अनपढ़ व्यक्ति साक्षर कहलाता है।

प्र.6. 'शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ- इस कथन से कवि का क्या आशय है?

अथवा बच्चे किस आशा से नीड़ों से झांक रहे होंगे?

प्र.7. पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं, से कवि का क्या आशय है?

अथवा उड़ने और खिलने का कविता से क्या संबंध बनता है?

प्र.8. कैमरे में बंद अपाहिज कविता के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

अथवा उषा कविता में भोर के नभ की तुलना किससे की गई है और क्यों?

प्र.9. भारतेंदु युग की दो विशेषताएँ बताइये।

अथवा भक्तिकाल की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.10. निबंध किसे कहते हैं? कोई भारतीय विद्वान की परिभाषा लिखिए।

अथवा समाचार क्या है?

प्र.11. भक्तिन अपना वास्तविक अथवा नाम क्यों छुपाती है?

CS CamScanner

अथवा बाजार में भगतजी के व्यक्तित्व का सशक्त पहलू बताइये।

प्र.12. यशोधर बाबू के चरित्र की दो विशेषताएँ बताइये।

अथवा 'जूझ' शीर्षक के औचित्य को समझाइये।

प्र.13. तकनीकी शब्द क्या होते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा निपात की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.14. शब्द-युग्म किसे कहते हैं?

अथवा अर्थ की दृष्टि से वाक्यों के प्रकार बताइए।

प्र.15. टेलीविजन के गुण एवं दोषों को लिखिये।

अथवा पटकथा को समझाइये।

प्र.16. शमशेर बहादुर सिंह अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए-

(अ) दो रचनाएँ (ब) भाव एवं कला पक्ष (स) साहित्य में स्थान

प्र.17. महादेवी वर्मा अथवा धर्मवीर भारती का परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए-

(अ) दो रचनाएं (ब) साहित्यिक विशेषताएं (स) साहित्य में स्थान

प्र.18. देश में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार विषय पर दो नागरिकों के मध्य संवाद लिखिए।

**अथवा निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए।**

(1) हम लोग कुशलपूर्वक से हैं।

(2) इस ग्रंथ का सृजन कौन ने किया है।

(3) वह गरम गुनगुने पानी में पाँव डाले बैठा है।

प्र.19. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

मातृभाषा ने केवल बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती है, अपितु यह उनको अपनी संस्कृति से परिचित कराकर उनके अंदर सांस्कृतिक गौरव और आत्मविश्वास भी जाग्रत करती है। किसी भी व्यक्ति की भावनाएं एवं उद्‌गार अपनी मातृभाषा में ही अच्छी प्रकार से व्यक्त होते हैं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र भक्ति की भावनाओं को जाग्रत करने में मातृभाषा हिन्दी का अत्यंत महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

(1) उपर्युक्त वाक्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) मातृभाषा व्यक्ति के भीतर किन भावों को जगाती है?

(3) स्वतंत्रता आंदोलन में मातृभाषा का क्या योगदान है?

प्र.20. **निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-**

सबसे तेज बौछारें गयीं भादों गया सबेरा हुआ
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा

CamScanner

शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नयी चमकीली साईकिल तेज चलाते हुए
घंटी बजाते हुए जोर-जोर से

**अथवा** बहुत काली सिल जरा से
लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने
नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह जैसे हिल रही हो

**प्र.21. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-**

अंधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण, सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।

**अथवा** पानी की आशा पर जैसे सारा जीवन आकर टिक गया हो। बस एक बात मेरे समझ में नहीं आती थी कि जब चारों ओर पानी की इतनी कमी है तो लोग घर में इतनी कठिनाई से इकट्ठा करके रखा हुआ पानी बाल्टी -बाल्टी भर-भर कर इन पर क्यों फेंकते हैं? कैसी निर्मम बरबादी है पानी की। देश की कितनी क्षति होती है, इस तरह के अंध-विश्वासों से। कौन कहता है इन्हें इंद्र की सेना।

प्र.22. जबलपुर नगर निगम के निगमायुक्त को नियमित जल आपूर्ति करवाने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए।

**अथवा** अपनी छोटी बहिन को दूरदर्शन लगातार देखने के दुष्परिणामों को बताते हुए एक पत्र लिखिए।

प्र.23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए-

(1) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या
(2) स्वच्छता अभियान
(3) आजादी का अमृत महोत्सव
(4) बढ़ती महंगाई

●●●

CS CamScanner